एफ 2.11-2/ क्षे. का. पुणे/राजभाषा/हिंदी गतिविधि/2023 दिनांक: 8/11/2023

रिपोर्ट : क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे में हिंदी गतिविधि का आयोजन

मुख्यालय के परिपत्र संख्या फा सं. 12/केमाशिबो/हिंदी प्रकोष्ठ/2023/7000-7060 दिनांक 20/07/2023 तथा परिपत्र संख्या फा सं. 12/केमाशिबो/हिंदी प्रकोष्ठ/2023/7790-7875 दिनांक 20/10/2023 के आलोक में क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी गतिविधि का मासिक आयोजन किया जाना अपेक्षित है। इसके अनुपालन में तथा हिंदी साहित्यकारों- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, गौरा पंत 'शिवानी' के जन्मदिवस एवं प्रेमचंद, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला', श्रीलाल शुक्ल, भगवती चरण वर्मा, निर्मल वर्मा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में दिनांक 31/10/2023 को मासिक हिंदी गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। तदुपरांत निम्नलिखित कर्मचारियों ने हिंदी कविता/गद्यांश वाचन प्रस्तुत किए:

क्रमांक	कर्मचारी का नाम व पदनाम	प्रस्तुति विवरण
1.	श्री राजेश कुमार गुप्ता	स्वरचित कविता: 'स्वच्छता'
2.	श्री शुभम बंसल, वरिष्ठ सहायक	कविता: 'ख्वाहिश नहीं मुझे मशहूर होने की'
3.	श्री अखिलेश तिवारी, वरिष्ठ सहायक	सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' कृत कविता: 'सच है'
4.	श्री मिनल वसंत ठमके, वरिष्ठ सहायक	प्रेमचंद कृत हिंदी कविता: 'जीवन का रहस्य'
5.	सुश्री ज्योति, कनिष्ठ सहायक	रामधारी सिंह 'दिनकर' कृत कविता: 'कोई अर्थ नहीं'
6.	सुश्री दीक्षा, कनिष्ठ सहायक	शिवमंगल सिंह 'सुमन' रचित कविता: 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के'
7.	श्री विकास, कनिष्ठ सहायक	प्रेमचंद कृत हिंदी कविता: 'जीवन का रहस्य'
8.	श्री प्रवीण, कनिष्ठ सहायक	श्रीलाल शुक्ल कृत उपन्यास 'राग दरबारी' से गद्यांश वाचन
9.	श्री सचिन, कनिष्ठ सहायक	विनय महाजन कृत कविता: 'मत बांटो इंसान को'
10.	श्री हेमंत कुमार, कनिष्ठ सहायक	सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' कृत कविता: 'भर देते हो'

क्षेत्रीय अधिकारी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से आह्वान किया कि अगले माह की हिंदी गतिविधि हेतु सभी अधिकारी/कर्मचारी पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों का उपयोग करें तथा इसके अनुरूप प्रस्तुति दें। इससे हिंदी पठन एवं प्रसार को प्रोत्साहन मिलेगा तथा सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने ज्ञान का विस्तार कर सकते हैं। क्षेत्रीय अधिकारी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक हिंदी गतिविधि में भाग लेने तथा उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की।

श्रीमती विश्व भारती भट्ट, सहायक सचिव (राजभाषा) ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से आग्रह किया कि कार्यालय के दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती कविता मल्होत्रा, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी श्री प्रवीण, कनिष्ठ सहायक ने किया। अंत में, सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया।

रामवीर

(राम वीर)
क्षेत्रीय अधिकारी
क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे

झलकियाँ

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
उत्कृष्टता का केन्द्र
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATIO
CENTRE OF EXCELLENCE
TRAINING CENTRE

उत्कृष्टता का केन
BOARD OF SECONDAR
CENTRE OF EXCELLEN
TRAINING CENTR

क शिक्षा बोर्ड
का केन्द्र
CONDARY EDUCAT
CELLENCE
ENTRE

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
उत्कृष्टता का केन्द्र
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATI
CENTRE OF EXCELLENCE

****